बिहार सरकार
<u>ऊर्जा विभाग</u>

पत्रांक–प्र० / BSP(H)CL–05 / 2018 /पटना, दिनांक–
सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हक),**
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– **बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 कॉलोनी, पुनाईचक, पटना में Pre-fabricated community hall के निर्माण हेतु 8.30 करोड़ (आठ करोड़ तीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना की पुनरीक्षित लागत 9.5155 करोड़ रूपये की व्यय की स्वीकृति देते हुये अधियाचित राशि 1.2082 करोड़ (एक करोड़ बीस लाख बेरासी हजार) रूपये वित्तीय वर्ष 2019–20 में बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध मे।**

<u>आदेश–स्वीकृत।</u>

विभागीय राज्यादेश संख्या–45 दिनांक–07.01.2019 के द्वारा बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 कॉलोनी, पुनाईचक, पटना में Pre-fabricated community hall के निर्माण हेतु 8.30 करोड़ (आठ करोड़ तीस लाख) रूपये की योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा इसके कार्यान्वयन हेतु पूरी राशि बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 को उपलब्ध करा दिया गया है।

2. उक्त योजना में Kitchen का प्रावधान, कुर्सी क्षेत्रफल में आंशिक बढ़ोतरी, भवन के पीछे तरफ Open Sky Space को Poly Carbonate Sheet एवं Truss से बंद कराये जाने, Portico एवं Campus में Common Toilet के निर्माण कार्य शामिल किये जाने के कारण पुनरीक्षित लागत 9.5155 करोड़ (नौ करोड़ इक्याबन लाख पचपन हजार) रूपये हो गया है। लागत में बढ़ोतरी के कारण बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 के द्वारा 1.2082 करोड रूपये की मांग की गयी है, जिसे उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

3. उक्त आलोक में बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 कॉलोनी, पुनाईचक, पटना में Pre-fabricated community hall के निर्माण हेतु 8.30 करोड़ (आठ करोड़ तीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना की पुनरीक्षित लागत 9.5155 करोड़ रूपये की व्यय की स्वीकृति देते हुये अधियाचित राशि 1.2082 करोड़ (एक करोड़ बीस लाख बेरासी हजार) रूपये वित्तीय वर्ष 2019–20 में बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–190– सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0111–बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900111 विषय शीर्ष 5401–निवेश के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

5. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी०एल० खाता) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0046–बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0, व्यय शीर्ष–L8448001200046 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200046 में जमा की जाएगी।

6. बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए पी०एल० खाता संख्या–PLA274/CFMS खाता संख्या 9TSPLA016 से की जाएगी।

7. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–6439 दिनांक–28.08.2018 के आलोक में योजना के लिए व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

8. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 7355 दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इसमें महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

9. उक्त योजना की पुनरीक्षित लागत की स्वीकृति हेतु माननीय मंत्री का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र०/BSP(H)CL–05/2018 के पृष्ठ संख्या–12/टि0 पर दिनांक–05.03.2020 को प्राप्त है।

10. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या-प्र०/BSP(H)CL–05/2018 के पृष्ठ संख्या–14/टि0 पर दिनांक–06.03.2020 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–

**(प्रत्यय अमृत)**
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–प्र०/BSP(H)CL–05/2018 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार(लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**सरकार के प्रधान सचिव।**

ज्ञापांक–प्र०/BSP(H)CL–05/2018 767 /पटना, दिनांक–06/03/2020

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0/प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0/आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सरकार के प्रधान सचिव।**